Roll No. | | | | | | | |

# DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA
## ANNUAL EXAMINATION (2025-26)

- Please check that this question paper contains 8 printed pages.
- Check that this question paper contains 17 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.

## CLASS–IX
## SUB : HINDI COURSE-B (085)

**निर्धारित समय: 3 घंटा** **कुल अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:-**

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं- खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' | प्रश्नपत्र में कुल पृष्ठों की संख्या 8 हैं।
- खंड 'क' में कुल दो अपठित गद्यांशों पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक (अतिलघु और लघुतरात्मक) प्रश्न दिए गए हैं ।
- खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित चार प्रश्न (अतिलघु और लघुतरात्मक) पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों में दिए उपप्रश्नों को ध्यान से पढ़ें।
- खंड 'ग' में कुल 5 प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें दो प्रश्न बहुविकल्पी एवं बाकी वर्णनात्मक हैं।
- खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन पर आधारित कुल 4 प्रश्न पूछे गए हैं, प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दें। कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

### खंड - 'क'
### (अपठित बोध)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

महँगाई का अर्थ है -'मूल्य-वृद्धि' । अगर यह मूल्य-वृद्धि एक लंबे समय के बाद मामूली-सी हो, कोई बात नहीं, पर जब साल में एक या दो बार पदार्थों की काफ़ी मात्रा में मूल्य-वृद्धि होती है, तो उसका मुख्य कारण होता है - उत्पादन में इतनी कमी, जो माँग को पूरा कर सकने में असमर्थ है । दूसरा करण है - 'जमाखोरी' । निरंतर बढ़ता हुआ विदेशी कर्ज़ भी इस महँगाई के लिए उत्तरदायी है । महँगाई बढ़ने का एक और मुख्य कारण है - बार-बार आने वाले चुनावी खर्च और निरंतर बढ़ते हुए सरकारी खर्च । महँगाई के दुष्परिणामों में से सबसे पहला है - 'भुखमरी' । दूसरा दुष्परिणाम है - 'भ्रष्टाचार' । दूसरों से धन छीनना,दूसरों को धोखा देना, दूसरों की चीज़ें हड़प लेना, अधिक-से-

अधिक लाभ के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाना आदि महँगाई के दुष्परिणाम हैं। महँगाई की सबसे अधिक मार मध्यम वर्ग पर पड़ती है। मध्यम वर्ग का मुख्य संघर्ष यह है कि एक ओर सरकार द्वारा आयात शुल्क, उत्पादन शुल्क बढ़ाया जा रहा है तो दूसरी ओर नमक से लेकर स्वर्ण तक सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। क्या शिक्षा का क्षेत्र, क्या रेल के किराए, क्या चिकित्सा विभाग, क्या मनोरंजन विभाग, सभी मध्यम वर्गीय जनता का खून चूस रहे हैं। महँगाई से छूटकारा मिलना आसान नहीं है, क्योंकि यह सिर्फ ऊपर चढ़ना जानती है, नीचे उतरना नहीं। फिर भी कुछ भी असंभव नहीं। इसलिए अगर पूरे देशवासी एकजुट होकर इस समस्या से निपटने का प्रयास करें, तो समाधान अवश्य निकाला जा सकता है। सबसे पहले हमें बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण करना होगा, उत्पादन बढ़ाना होगा, भ्रष्टचार, जमाखोरी और तस्करी को रोकना होगा और इस बात के लिए प्रयत्नशील रहना होगा कि कम-से-कम आवश्यक पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि न हो, जिससे गरीब जनता को पेट भर भोजन तो मिल सके। जैसे भी हो, हमें रुपए के घटते हुए विनिमय मूल्य को रोकना होगा। बढ़ती हुई मुद्रा स्फीति को रोकना होगा, नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब जनसंख्या वृद्धि के नियंत्रण की असफलता की भाँति मूल्य वृद्धि नियंत्रण के क्षेत्र में भी हम असफल हो जाएँ।

**(क) महँगाई पर नियंत्रण के लिए कौन-सा उपाय उपयुक्त नहीं है ?** **(1)**

(i) उत्पादन में वृद्धि करना

(ii) भ्रष्टाचार एवं जमाखोरों पर रोक लगाना

(iii) चुनावी खर्च और सरकारी खर्च में बढ़ोत्तरी

(iv) जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाना

**(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -** **(1)**

कथन (A) : महँगाई की सबसे अधिक मार निम्न वर्ग पर पड़ती है।

कारण (R) : महँगाई कभी बढ़ती है, कभी कम होती है।

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ii) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी गलत व्यख्या करता है।

(iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्यख्या करता है।

**(ग) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश का निष्कर्ष कहा जा सकता है ?** **(1)**

(i) महँगाई से छुटकारा पाना असंभव है।

(ii) महँगाई की सबसे अधिक मार उच्च वर्ग पर पड़ती है।

(iii) महँगाई से छुटकारा मिलना संभव है।

(iv) जनसंख्या वृद्धि के नियंत्रण में हमें सफलता प्राप्त हो चुकी है ।

**(घ) महँगाई का अर्थ बताते हुए इसके कारणों का उल्लेख कीजिए।** **(2)**

**(ङ) महँगाई को कैसे कम किया जा सकता है ?** **(2)**

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

मनुष्य संसार का एक श्रेष्ठ प्राणी है। ईश्वर ने उसे चिंतन और मनन की अद्भुत शक्ति प्रदान की है। वह जिस संसार में रहता है, उसके आधार पर वह एक और संसार बसा लेता है। वह संसार उसके सपनों का संसार होता है। प्रत्येक मनुष्य के सामने कुछ आदर्श होते हैं, उनकी महत्वाकांक्षाएँ होती हैं, जिनको वह अपने जीवन में साकार करने के लिए उतावला हो जाता है। हर एक व्यक्ति अपनी-अपनी रुचि के अनुसार अपना-अपना लक्ष्य निर्धारित करता है। कोई डॉक्टर बनने की इच्छा से प्रेरित है, तो कोई इंजीनियर बनने के सपने साकार करना चाहता है। कोई उद्योगपति बनकर देश का उद्धार करना चाहता है। कोई अभिनेता बनना चाहता है और देश के जन-जीवन के पटल पर छाकर अपनी प्रशंसा पाना चाहता है। कोई स्कूल खोलकर इस अंधी दुनिया को प्रकाश देना चाहता है। भाव यह है कि संसार में कोई भी मनुष्य ऐसा नहीं है, जो कुछ-न-कुछ न बनना चाहे। ध्येय अथवा लक्ष्य के बिना जीवन निरर्थक है। ध्येयहीन जीवन ऐसा ही है, जैसे कोई नाविक बिना पतवार और डाँड़ों के नाव को समुद्र में भाग्य के भरोसे छोड़ दे। उसका परिणाम भयंकर ही होगा। जीवन में लक्ष्य का चुनाव अपनी इच्छाओं एवं अपने साधनों के अनुरूप करना चाहिए। ध्येय चुनते समय स्वार्थ और परमार्थ में समन्वय रखना चाहिए। अपनी रुचि एवं प्रवृत्ति को भी सामने रखना चाहिए। यह विश्वास रखना आवश्यक है कि जो लक्ष्य उसने चुना है, वह स्वयं उसके लिए महान हो, भले ही लोग उसे सामान्य मानें।

**(क) ध्येय के चुनाव में किनके समन्वय का ध्यान रखना चाहिए ?** **(1)**

(i) स्वार्थ और परमार्थ का (ii) धनी और निर्धन का

(iii) ऊँची-नीच का (iv) नर और मादा का

**(ख) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1)**

कथन (A): मनुष्यों में चिंतन मनन करने की अद्भुत शक्ति है।

कारण (R): प्रत्येक मनुष्य की अपनी महत्वाकांक्षाएँ होती हैं।

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ii) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(ग) उपर्युक्त गद्यांश के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है ?** **(1)**

(i) प्रत्येक मनुष्य का कोई-न-कोई लक्ष्य होता है।

(ii) ध्येयहीन जीवन निरर्थक है।

(iii) जीवन में लक्ष्य का चुनाव केवल अपने साधनों के अनुरूप करना चाहिए।

(iv) ध्येय चुनते समय स्वार्थ और परमार्थ में समन्वय रखना चाहिए।

**(घ) ध्येयहीन जीवन कैसा होता है ?** **(2)**

**(ङ) मनुष्य अपने लक्ष्य का निर्धारण किस प्रकार से करता है ?** **(2)**

## खंड - 'ख'
### (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. निर्देशानुसार शब्द और पद पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1x2=2)**

(क) शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

(ख) शब्द और पद में व्याकरणिक स्तर पर क्या अंतर है ?

(ग) नाव, नाविक शब्दों को पद में बदलिए ।

**4. निर्देशानुसार अनुस्वार और अनुनासिक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **(1x2=2)**

(क) जिसमें उच्चारण के समय हवा नाक और मुँह दोनों से निकलती है उसे क्या कहते हैं ?

(ख) दिए गए शब्दों में अनुस्वार का उचित प्रयोग कीजिए-

(i) परपरा (ii) सयुक्त

(ग) दिए गए शब्दों में अनुनासिक का उचित प्रयोग कीजिए-

(i) मागना (ii) साझ

**5. उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(1x4=4)**

(क) 'सु' उपसर्ग का प्रयोग कर एक शब्द बनाइए।

(ख) 'लाइलाज' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द को अलग-अलग करके लिखिए।

(ग) 'इक' प्रत्यय के प्रयोग से एक शब्द बनाइए।

(घ) 'देवरानी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द को अलग-अलग करके लिखिए।

(ङ) एक ऐसा शब्द लिखिए जिसमें उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का प्रयोग हुआ हो।

**6. संधि पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(1x3=3)**

(क) 'तथैव' शब्द में प्रयुक्त संधि का नाम बताकर इसका संधि-विच्छेद कीजिए।

(ख) 'अति+अधिक' का संधियुक्त शब्द क्या होगा? इसमें कौन-सी संधि है।

(ग) 'भावुक' शब्द का संधि-विच्छेद करके इसमें प्रयुक्त संधि का नाम बताइए।

(घ) 'लंकेश' शब्द में कौन-सी संधि प्रयुक्त है?

**7. विराम चिह्न पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(1x2=2)**

(क) लिखते समय कुछ अंश छूट जाने पर किस चिह्न को लगाकर उसके ऊपर लिख दिया जाता है?

(ख) अग्निपथ कवि हरिवंशराय बच्चन की प्रसिद्ध कृति है
उपर्युक्त वाक्य में सही विराम चिह्नों का प्रयोग करके लिखिए।

(ग) अतिथि ! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय अर्थात् हाईटाइम है।
उपर्युक्त वाक्य में प्रयोग किए गए चिह्नों के नाम लिखिए ।

**8. अर्थ के आधार पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(1x3=3)**

(क) 'दीवारों पर विज्ञापन लिखना मना है।' अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

(ख) शर्तबोधक वाक्य का एक उदाहरण लिखिए।

(ग) 'सभी अपने मोबाईल फोन बंद कर दें।' इच्छावाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए।

(घ) अर्थ के आधार पर कैसे वाक्य को सभी भेदों में अर्थांतरित किया जा सकता है ?

**खंड - 'ग'**

**(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)**

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।** **(1x5=5)**

तीसरे दिन की सुबह तुमने मुझसे कहा, "मैं धोबी को कपड़े देना चाहता हूँ।" यह आघात अप्रत्याशित था और इसकी चोट मार्मिक थी। तुम्हारे सामीप्य की वेला एकाएक यों रबर की तरह खिंच जाएगी, इसका मुझे अनुमान न था। पहली बार मुझे लगा कि अतिथि सदैव देवता नहीं होता, वह मानव और थोड़े अंशों में राक्षस भी हो सकता है। "किसी लॉण्ड्री 'पर दे देते हैं, जल्दी धुल जाएँगे।" मैंने कहा। मन-ही-मन एक विश्वास पल रहा था कि तुम्हें जल्दी जाना है। "कहाँ है लॉण्ड्री?"

"चलो चलते हैं।" मैंने कहा और अपनी सहज बनियान पर औपचारिक कुर्ता डालने लगा।

"कहाँ जा रहे हैं?" पत्नी ने पूछा।

"इनके कपड़े लॉण्ड्री पर देने हैं।" मैंने कहा।

मेरी पत्नी की आँखें एकाएक बड़ी-बड़ी हो गईं। आज से कुछ बरस पूर्व उनकी ऐसी आँखें देख मैंने अपने अकेलेपन की यात्रा समाप्त कर बिस्तर खोल दिया था। पर अब जब वे ही आँखें बड़ी होती हैं तो मन छोटा होने लगता है। वे इस आशंका और भय से बड़ी हुई थीं कि अतिथि अधिक दिनों ठहरेगा।

**(क) लेखक पर कौन-सा आघात अप्रत्याशित था?**

(i) धोबी को कपड़े देने की इच्छा व्यक्त करना

(ii) अच्छे पकवान खाने की इच्छा व्यक्त करना

(iii) फिल्म देखने की इच्छा व्यक्त करना

(iv) घर वापस जाने की इच्छा व्यक्त करना

**(ख) अतिथि सदैव________ नहीं होता, वह थोड़े अंशों में ________ हो सकता है।**

(i) मानव, दानव (ii) देवता, मानव (iii) देवता, राक्षस (iv) मानव, देवता

**(ग) पत्नी की आँखें बड़ी होने से क्या तात्पर्य है?**

(i) पत्नी खुश थी।

(ii) पत्नी लेखक को मजाक में घूर रही थी।

(iii) पत्नी की आँखें अतिथि के और कुछ दिन रुकने के कारण बड़ी हुई थीं।

(iv) पत्नी लेखक पर गुस्सा हो रही थी।

**(घ) 'एकाएक' शब्द का उचित अर्थ है-**

(i) ज्योंहि

(ii) अचानक

(iii) कभी-कभी

(iv) ऐसे ही

**(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

कथन (A): अतिथि सदैव देवता नहीं होता, वह मानव और थोड़े अंशों में राक्षस भी हो सकता है।

कारण (R): अतिथि ने शीघ्र घर लौटने की इच्छा व्यक्त की।

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है ।

(ii) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

(iv) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए। (2x3=6)**

(क) लेखिका की एवरेस्ट यात्रा सहयोग और सहायता की भावना का बेमिसाल उदाहरण है। इस यात्रा के दौरान किन लोगों ने किस प्रकार उनका मार्गदर्शन किया, पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) महादेव भाई के हस्त लेखन के विषय में बड़े-बड़े सिविलियन और गवर्नर क्या कहा करते थे?

(ग) शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और दुखी होने का भी एक अधिकार होता है। आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ में लेखक किस दुख की बात कर रहा है? लेखक के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि के बाद भी रामन ने अपनी भारतीय पहचान को हमेशा अक्षुण्ण रखा। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**11. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए। (1x5=5)**

दो प्रेमी हैं यहाँ, एक जब
बड़े साँझ आल्हा गाता है,
पहला स्वर उसकी राधा को
घर से यहाँ खींच लाता है।
चोरी-चोरी खड़ी नीम की
छाया में छिपकर सुनती है,
'हुई न क्यों मैं कड़ी गीत की बिधना',
यों मन में गुनती है।
वह गाता, पर किसी वेग से
फूल रहा इसका अंतर।
गीत, अगीत, कौन सुंदर है?

(क) **प्रस्तुत काव्यांश में कवि किसके प्रसंग पर चर्चा कर रहे हैं ?**

(i) प्रकृति के सौन्दर्य पर
(ii) प्रेम की विरह वेदना पर
(iii) नायक-नायिका के प्रेम अभिव्यक्ति पर
(iv) कवि के भावात्मक अभिव्यक्ति पर

(ख) **प्रेमी के गीत पर प्रेमिका क्या इच्छा प्रकट कर रही है?**

(i) गीत का हिस्सा बनने की
(ii) छिपकर गीत सुनने की
(iii) गीत का प्रतिकार करने की
(iv) वह गीत के प्रति निराशा व्यक्त करेगी

(ग) **प्रेमिका, प्रेमी का गीत कैसे सुनती है?**

(i) प्रसन्नता से निर्भय होकर
(ii) प्रत्यक्ष प्रस्तुत होकर
(iii) चोरी से नीम की छाया में छिपकर
(iv) समाज का विद्रोह सहकर

(घ) **निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

कथन (A) : प्रेमी संध्या समय में भावमय गीत गाकर अपने भावों को स्वर देता है।
कारण (R) : गीत का हिस्सा न बन पाने पर प्रेमिका स्वयं के भाग्य को कोसती है।

(i) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(ii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।
(iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
(iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ङ) **काव्यांश में 'बिधना' शब्द का क्या अर्थ है?**

(i) कष्ट, पीड़ा
(ii) भाग्य, विधाता
(iii) बाँधना, कसना
(iv) हर्ष, विनोद

2. **पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)**

(क) रहीम ने सागर जल की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है?
(ख) 'एक पत्र छाँह भी माँग मत' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
(ग) 'जूही की डाल-से खुशबूदार हाथ' पंक्ति में किन लोगों के हाथों का वर्णन है और कवि ने किस सामाजिक विषमता को प्रकट किया है?
(घ) 'एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

3. **निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए। (4x2=8)**

(क) पशु-पक्षी प्रकृति के अभिन्न अंग हैं । यह हमारे लिए किसी-न-किसी रूप में उपयोगी भी हैं। हमें इनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए। घायल पशु-पक्षियों की देखभाल करना हमारा कर्तव्य भी है। 'गिल्लू' पाठ में लेखिका ने गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया?
(ख) त्रिपुरा के आदिवासियों के असंतोष का मुख्य कारण क्या है? विद्रोहियों के बारे में लेखक ने क्या सुना था?
(ग) 'मेरा छोटा-सा निजी पुस्तकालय' पाठ से आज के विद्यार्थियों को क्या प्रेरणा लेनी चाहिए?

## खंड - 'घ'
### (लेखन)

14. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । (5)

(क) **वर्तमान जीवन-शैली और स्वास्थ्य**

संकेत बिंदु - * प्रभाव * कारण * बचाव * उपसंहार

(ख) **विज्ञान के आधुनिक चमत्कार**

संकेत बिंदु - * मानव जीवन और विज्ञान * आधुनिक आविष्कार * लाभ-हानि * उपसंहार

(ग) **प्रकृति : अनमोल धरोहर**


संकेत बिंदु - * भूमिका * प्रकृति और मनुष्य में संबंध * प्रकृति को नुकसान * उपसंहार

15. आपके मित्र ने आपको अपनी बहन की शादी में आमंत्रित किया है। परीक्षाओं में व्यस्त रहने के कारण आप शामिल नहीं हो पाएँगे । अपनी असमर्थता व्यक्त करते हुए अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आपकी वार्षिक परीक्षा निकट है। अपने बड़े भाई को आने वाली परीक्षा के लिए सलाह माँगते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

16. दिए गए चित्र को देखकर आपके मन में क्या विचार आ रहे हैं उनका विवरण लगभग 100 शब्दों में कीजिए। (5)



17. प्रदूषण की समस्या पर चिंता प्रकट करते हुए दो पड़ोसियों (राम और सुषमा) के मध्य हुई बातचीत पर लगभग 100 शब्दों में एक संवाद लेखन कीजिए। (5)

**अथवा**

कोचिंग सेंटर के बढ़ते प्रचलन के दुष्परिणाम पर दो अभिभावक (राज एवं रमन) के मध्य होने वाले संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए ।

* * *